**Gen. G.S. Dhillon Central Library**

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


# News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Amar Ujala**

**Date- 05 FEB 2026 Page No. 6**

5/02/26 05 My City

# वार्षिकोत्सव : खेल, संस्कृति और साहित्य में दिखाई प्रतिभा

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय के सरदार पटेल सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव 'प्रवाह द फ्लो' का समापन हुआ। इसमें खेल, संस्कृति, साहित्य और विधिक नवाचार से जुड़ी गतिविधियां शामिल रहीं।

इस दौरान क्रिकेट प्रतियोगिता भी हुई। क्रीड़ा क्लब की समन्वयक डॉ. सारिका त्यागी ने खेल प्रतिभा प्रदर्शन की जानकारी दी।

आइडिया एवं इनोवेशन क्लब के अरशद आलम ने सतत भविष्य के लिए नवाचार विधिक समाधान पर मॉडल निर्माण प्रतियोगिता बताई। नारा लेखन, पोस्टर निर्माण और रील निर्माण प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुईं। रील का विषय मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य था। पोस्टर और नारों का विषय सरकार की योजनाओं पर आधारित था।



सुभारती विवि के वार्षिक उत्सव में प्रस्तुति देतीं छात्राएं। स्रोत : विवि

**ये हुईं मनोरंजक गतिविधियां :** सांस्कृतिक क्लब की सोनल जैन ने खजाना खोज, एकल एवं समूह गायन-नृत्य और फैशन शो की झलकियां साझा कीं। एकल प्रदर्शनों का विषय 'बॉलीवुड की कहानियां' रहा। समूह प्रदर्शनों का विषय 'बॉलीवुड संगीत का सामंजस्य' रहा। फैशन शो में बीए एलएलबी के छात्रों ने विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा में धूम मचाई। कार्यक्रम का संचालन कसक, अंकिता, सृष्टि और विख्यात सिंह ने किया। संवाद

Gen. G.S. Dhillon Central Library
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 09 FEB 2026** **Page No.** **City Page 4**

Page no-4 - AU - 09-02-26

# शोध को पेटेंट कराकर उद्यमिता से जोड़ना जरूरी

## सुभारती में इंग्लिश लिटरेरी वीक का शुभारंभ, जैविक विज्ञान पर हुआ राष्ट्रीय सम्मेलन

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय में अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित इंग्लिश लिटरेरी वीक का उद्घाटन हुआ। दूसरी ओर विज्ञान संकाय और अनुसंधान एवं विकास सेल में उद्यमिता पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न हुआ।

इंग्लिश लिटरेरी वीक में भाषा, साहित्य और सृजनात्मकता का संगम देखने को मिला। कार्यक्रम संयोजक डॉ. रफत खानम (अंग्रेजी एवं विदेशी भाषाएं) ने स्वागत भाषण में भाषा की परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर दिया। संचालन विधि गोस्वामी ने किया। मुख्य आकर्षण ड्रामेटिक मोनोलॉग एवं रोल प्ले प्रतियोगिता रही, जिसमें छात्रों ने रोमियो-जूलियट, न्यायालयीन अधिवक्ता, एनीमे पात्रों की पुनर्रचना और परी कथाओं जैसे विविध विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। मूल्यांकन डॉ. श्वेता भारद्वाज ने किया।



सुभारती विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी व अतिथि। स्रोत : संस्थान

जैविक विज्ञान पर राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य वक्ता प्रो. केपी रमेशा ने कहा कि शोध को पेटेंट कराकर उद्यमिता से जोड़ना आज की आवश्यकता है। अनुदान प्राप्ति की बारीकियां भी साझा कीं। अनुसंधान सेल के डीन प्रो. वैभव गोयल ने आभार जताया। सम्मेलन में सैकड़ों छात्र-शोधार्थी और प्राध्यापक शामिल हुए। इसका उद्देश्य युवा वैज्ञानिकों को शोध को व्यावसायिक बनाने और पेटेंट प्रक्रियाओं की समझ प्रदान करना था। प्रथम स्थान रितिक धिगन एवं जॉर्ज सेलेस्टीन कास्मिर को मिला। द्वितीय स्थान पर विधि गोस्वामी एवं जिया मित्तल जबकि तृतीय स्थान अदिति को मिला। जैविक विज्ञान पर राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य वक्ता पो. केपी रमेशा ने कहा कि शोध को पेटेंट कराकर उद्यमिता से जोड़ना आज की आवश्यकता है। अनुदान प्राप्ति की बारीकियां भी साझा कीं। अनुसंधान सेल के डीन प्रो. वैभव गोयल ने आभार जताया। संवाद

**Gen. G.S. Dhillon Central Library**

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 14 FEB 2026** **Page No.** **City Page 5**

AU 14/02/26 05

## छात्राओं को शारीरिक स्वच्छता के लिए जागरूक किया



सुभारती विवि में हुए कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी। स्रोत : विवि

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय में हुए कार्यक्रम में छात्राओं को मासिक धर्म में शारीरिक स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। शिक्षा विभाग और जेंडर सेंसिटाइजेशन सेल के सहयोग से कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. रागिनी श्रीवास्तव के भाषण से हुई। विभागाध्यक्ष प्रो. इंदिरा सिंह ने मासिक धर्म से जुड़े सामाजिक मिथकों को तोड़ने की आवश्यकता बताई।

मुख्य वक्ता डॉ. ममता भारद्वाज (देव संस्कृति विश्वविद्यालय) ने मासिक धर्म के जैविक पहलुओं, प्रजनन स्वास्थ्य, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य और स्वच्छता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आम मिथकों को वैज्ञानिक तथ्यों से दूर किया। कार्यक्रम में एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को सुरक्षित आदतें अपनाने, नैपकिन वेंडिंग मशीन सहित अन्य साधनों की जानकारी दी। इसके अलावा 11 फरवरी को जनरल मोहन सिंह खेल मैदान में यूनिटी स्पोर्ट्स फेस्ट का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. सीमा शर्मा और प्रो. एससी तिवारी (पॉलिटेक्निक प्राचार्य) रहे।

अधिष्ठाता लेफ्टिनेंट प्रो. संदीप कुमार ने समग्र विकास पर प्रकाश डाला। प्रो. इंदिरा सिंह ने खेल भावना की शपथ दिलाई। विभिन्न प्रतियोगिताओं में म्यूजिकल चेयर, रस्साकशी, तीन टांग दौड़ और 400 मीटर रिले रेस में शिक्षक, स्टाफ और छात्रों ने उत्साह दिखाया। शिक्षण स्टाफ ने रस्साकशी में गैर-शिक्षण स्टाफ को हराया जबकि छात्र श्रेणी में बीपीएड प्रथम वर्ष विजयी रहा। संचालन डॉ. अतुल तिवारी ने किया। समापन पर प्रो. डॉ. अनोज राज ने आभार जताया।

**Gen. G.S. Dhillon Central Library**

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 16 FEB 2026** **Page No.** **City Page 5**

Campus

my city 16/02/26

## साइकिल चलाकर दिया फिट रहने का संदेश

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय में संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का किया गया। शिक्षा संकाय के कार्यक्रम में फिट रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. अतुल तिवारी ने कहा कि नियमित व्यायाम और साइक्लिंग न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि यह प्रदूषण कम करने में भी सहायक है।



सुभारती के कार्यक्रम में प्रतिभागी। स्रोत :विवि

कार्यक्रम संयोजक डॉ. प्रवीण कुमार ने फिट इंडिया अभियान के उद्देश्यों के बारे में बताया। मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट प्रो. संदीप कुमार एवं अतिथि डॉ. बरखा भारद्वाज ने खेलकूद एवं शारीरिक गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। शिक्षा संकाय के डॉ. मुकेश रुहेला, डॉ. अनोज राज, डॉ. अंकित सिंह जादौन, मोहम्मद सरताज, शुभम राठी सहित अन्य रहे। संवाद